हरिभूमि
बेमेतरा भूमि
रायपुर, सोमवार 3 अगस्त 2026

तापमान
अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री

12 भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष राहुल ने 17 पानी के टैंकर किए वितरित...

10 भोरमदेव मंदिर के लिए बूढ़ा महादेव मंदिर से 18 किमी..

खबर संक्षेप

नाबालिग पर जानलेवा हमला, क्षेत्र के दो पार्षदों पर भी लगाया आरोप

भिलाई। छावनी थाना क्षेत्र अंतर्गत कैंप 2 स्थित मिलन चौक (गणेश चौक के पास) पुरानी रंजिश को लेकर हुए विवाद के दौरान बीच-बचाव करने पहुंचे एक नाबालिग युवक पर कुछ लोगों ने बैट, डंडो और बेसबॉल से जानलेवा हमला कर दिया। मारपीट के दौरान युवक को आंख व अन्य जगह गंभीर रूप से चोटें आई हैं। सुपेला अस्पताल से उसे जिला अस्पताल देर रात रेफर किया गया। इधर पुलिस ने मामले में मोहम्मद आफताब और उसके साथियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

चोरी का स्क्रैप बिकवाता था मुदलियार, कई लपेटे में

भिलाई। तीन माह से चल रहे बीएसपी के स्क्रैप चोरी मामले में भाजपा नेता भास्कार मुदलियार उर्फ बाचू को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा है। पुलिस अब तक 17 आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है। जिसमें सरगना संजय सिंह सहित बीएसपी के दो बड़े अधिकारियों के नाम शामिल है। पुलिस ने बताया कि वैशाली नगर निवासी भास्कर मुदलियार का प्लांट से चोरी के स्क्रैप को बेचवाने में बड़ा योगदना रहा है। पुलिस ने इसे शनिवार को गिरफ्तार किया है। मुदलियार को पूछताछ में कई बड़े नामों के खुलासे हुए हैं, जिनकी जल्द गिरफ्तारी हो सकती है। पुलिस ने जांच में पाया कि भास्कर मुदलियार के कई ट्रक लंबे समय से बीएसपी के अंदर चल रहे थे। उनके माध्यम से लोहा चोरी किया जाता था। जांच अधिकारियों के मुताबिक यह सिर्फ लोहा चोरी का मामला नहीं है, बल्कि इसके पीछे काम कर रहे पूरे नेटवर्क की पड़ताल भी चेक किया जा रहा है। पुलिस सभी पहलुओं को एक-एक कर जांच कर रही है। भास्कर मुदलियार की गिरफ्तारी के बाद इस पूरे मामले ने नया मोड़ ले लिया है।

वाहन हटाने को लेकर प्राणघातक हमला, गिरफ्तार

भिलाई। भिलाई तीन थाना अंतर्गत एक पिकअप वाहन को हटाने को लेकर जानलेवा हमला करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने बाजार चौक, डबरापारा, दक्षिण भिलाई तीन निवासी अनिता वर्मा, सीता वर्मा, जलेश्वरी वर्मा को गिरफ्तार किया है। इनके पास से पुलिस ने लकड़ी का स्टम्प, बेस बॉल बरामद किया है। घटना 29 जुलाई की रात की है। पूजा साहू ने शिकायत में बताया कि वो अपने परिवार के साथ कार से घर लौट रही थी। तभी डबरापारा पुल के नीचे गली में पिकअप वाहन खड़ा होने से रास्ता बंद था। वाहन हटाने के लिए चालक को बुलाया तो वो लोग विवाद करने लगे। पूजा का पति निलेश साहू, जेठ तेजराम साहू जेठानी सैलजा साहू विरोध किया तो उनके साथ आरोपियों ने जैक रॉड से हमला किया।

'हर-हर महादेव' के आध्यात्मिक अर्थ का शंकराचार्य ने किया विस्तार से विवेचन

सलधा में चातुर्मास कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं को बताया 'हर' और 'महादेव' का गूढ़ अर्थ, कामदेव से जुड़ा पौराणिक प्रसंग भी सुनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

ग्राम सलधा में निर्माणाधीन सवा लाख शिवलिंग वाले ऐतिहासिक मंदिर परिसर में आयोजित चातुर्मास के दौरान उत्तराम्नाय ज्योतिष पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती जी महाराज ने श्रद्धालुओं को /"हर-हर महादेव/" के आध्यात्मिक अर्थ का विस्तृत विवेचन किया। उन्होंने कहा कि जो समस्त प्राणियों के दुख, पाप और चिंताओं का हरण करें, वे /"हर/" हैं और जो स्वयं संकट सहकर सबकी रक्षा करें तथा पात्रता से अधिक देकर कल्याण करें, वे /"महादेव/" हैं। चातुर्मास कार्यक्रम में सर्वप्रथम ग्राम सलधा के भरत शुक्ला, डिप्टी कलेक्टर सुकमा सुभाष शुक्ला, संदीप शुक्ला एवं उनके परिवार ने शंकराचार्य जी की पादुकाओं का पूजन किया। दण्डी स्वामी ज्योतिर्मयानंद सरस्वती ने शिवलिंग स्थापित करने वाले भक्तों के नामों की घोषणा की, जबकि अप्रमेय स्वामी जी ने विरुदावली का वाचन किया। अपने प्रवचन में शंकराचार्य जी ने कहा कि /"हर/" शब्द /"हृ/" (हरणे) धातु से बना है, जिसका अर्थ है हरण करना। भगवान शिव हमारे पापों, दुखों और चिंताओं का हरण करते हैं, इसलिए उनकी महिमा का गुणगान किया जाता है। उन्होंने बताया कि /"हर-हर/" दो बार इसलिए कहा जाता है क्योंकि संकट और व्याकुलता की अवस्था में मनुष्य पुकार को दोहराता है और शास्त्रों में भी इसका निर्देश है।

- हर-हर महादेव का अर्थ बताया शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने, कहा– जो सबके दुख और पाप हर लें वही 'हर', जो सबकी रक्षा करें वही 'महादेव'

कामदेव ने सबसे पहले कहा था 'हर-हर महादेव'

/"महादेव/" शब्द का अर्थ स्पष्ट करते हुए कहा कि देव वह है जो देता है, लेकिन भगवान शिव /"महादेव/" इसलिए हैं क्योंकि वे अपने ऊपर संकट लेकर भी संसार की रक्षा करते हैं और अपनी कृपा से पात्रता से अधिक प्रदान करते हैं। शंकराचार्य जी ने पौराणिक प्रसंग सुनाते हुए बताया कि जब भगवान शिव समाधि में लीन थे, तब तारकासुर के अत्याचारों से देवता पीड़ित थे। देवताओं के आग्रह पर कामदेव भगवान शिव की समाधि भंग करने पहुंचे। उन्हें भय था कि शिव के क्रोधित होने पर वे भस्म हो जाएंगे। उसी समय उन्होंने पहली बार /"हर-हर महादेव/" का उच्चारण किया। पहला /"हर/" अपने दुखों के निवारण के लिए और दूसरा /"हर/" देवताओं के दुखों के अंत की प्रार्थना के रूप में कहा गया। प्रवचन के दौरान ▶▶| शेष पेज 11 पर

जिला स्तरीय 'नशामुक्त युवा फॉर विकसित भारत' संकल्प अभियान का शुभारंभ

नशा सामाजिक बुराई, युवा नशे से दूर रहकर विकसित भारत का सपना करें साकार : मंत्री दयाल दास बघेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले में रविवार को आयोजित 'नशामुक्त युवा फॉर विकसित भारत' संकल्प अभियान के जिला स्तरीय शुभारंभ समारोह में खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री दयाल दास बघेल ने युवाओं से नशे से दूर रहकर विकसित भारत के निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया।

उन्होंने कहा कि नशा एक गंभीर सामाजिक बुराई है, जो व्यक्ति, परिवार और समाज को कमजोर करती है। यदि युवा अपनी ऊर्जा सकारात्मक दिशा में लगाएं तो भारत को नई ऊंचाइयों तक पहुंचा सकते हैं। मंत्री श्री बघेल ने कहा कि सरकार युवाओं के भविष्य को बेहतर बनाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है, लेकिन नशे की लत इन प्रयासों को कमजोर कर देती है। उन्होंने युवाओं से शिक्षा, रोजगार, खेल और राष्ट्र निर्माण को प्राथमिकता देने की अपील करते हुए कहा कि नशामुक्त समाज ही विकसित भारत की मजबूत नींव बन सकता है। कार्यक्रम में विधायक दीपेश साहू ने कहा कि युवा ▶▶| शेष पेज 11 पर

प्रधानमंत्री मोदी ने किया राष्ट्रीय अभियान का शुभारंभ

कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबोधन का भी प्रसारण किया गया। प्रधानमंत्री ने देशव्यापी 'नशामुक्त युवा फॉर विकसित भारत' संकल्प अभियान का शुभारंभ करते हुए कहा कि विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए नशामुक्त युवा शक्ति की आवश्यकता है। उन्होंने देशभर के युवाओं से इस अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाने और नशामुक्त समाज के निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया।

खिलाड़ियों का सम्मान और दिव्यांगों को मिली ट्राइसाइकिल

कार्यक्रम में मंत्री दयाल दास बघेल ने उपस्थित जन प्रतिनिधियों, युवाओं और विद्यार्थियों को नशामुक्ति की शपथ दिलाई। इस अवसर पर जिले के प्रतिभावान खिलाड़ियों का सम्मान किया गया। समाज कल्याण विभाग की ओर से तीन दिव्यांगजनों को बैटरी चालित ट्राइसाइकिल प्रदान की गई। वहीं स्कूली विद्यार्थियों ने नशामुक्ति पर आधारित प्रभावशाली नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर लोगों को जागरूक किया। समारोह में जिला भाजपा अध्यक्ष अजय साहू,छत्तीसगढ़ रजककार बोर्ड के अध्यक्ष प्रहलाद रजक, तेलघानी विकास बोर्ड के अध्यक्ष जितेंद्र साहू, नगर पालिका बेमेतरा के अध्यक्ष विजय सिन्हा, जनप्रतिनिधियों, बड़ी संख्या में छात्र- ▶▶| शेष पेज 11 पर

दिनदहाड़े लूट के बाद ग्रामीणों का आक्रोश, आरोपियों को पकड़कर पुलिस के हवाले किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| साजा

क्षेत्र के ग्राम भरदा लोधी में महिला से लूट की वारदात के बाद माहौल गरमा गया। जानकारी के अनुसार महिला से दिनदहाड़े लूट कर भाग रहे आरोपियों को ग्रामीणों ने मुख्यालय से करीब तीन किलोमीटर पहले राइस मिल के पास पकड़ लिया। आरोपियों के पकड़े जाने की खबर मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। पुलिस की 112 टीम आरोपियों को हिरासत में लेने पहुंची, लेकिन ग्रामीण उन्हें गांव ले जाकर पूछताछ करने की मांग पर अड़ गए।

स्थिति को देखते हुए थान खमरिया, देवकर सहित आसपास के थानों से अतिरिक्त पुलिस बल बुलाया गया। बाद में पुलिस आरोपियों को साजा थाना लेकर पहुंची। देर शाम तक बड़ी संख्या में ग्रामीण थाने में डटे रहे। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

आज कलमबंद हड़ताल पर रहेंगे पटवारी, राजस्व कार्य रहेंगे प्रभावित

हरिभूमि न्यूज. बेमेतरा/थान खम्हरिया

छत्तीसगढ़ पटवारी संघ के प्रांतीय आह्वान पर सोमवार को जिलेभर के पटवारी एक दिवसीय सांकेतिक धरना-प्रदर्शन और सामूहिक अवकाश पर रहेंगे। इसके चलते जिले में राजस्व संबंधी कार्य प्रभावित होने की संभावना है। थान खम्हरिया तहसील के सभी पटवारी भी इस आंदोलन में शामिल होंगे।

पटवारी संघ द्वारा राजस्व अधिकारियों को पूर्व सूचना देते हुए बताया गया है कि सोमवार को सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक बेमेतरा तहसील कार्यालय, जय स्तंभ चौक में सांकेतिक धरना- प्रदर्शन आयोजित किया जाएगा। इस दौरान जिले के सभी पटवारी सामूहिक अवकाश लेकर अपनी लंबित मांगों के समर्थन में प्रदर्शन करेंगे। तहसील पटवारी संघ अध्यक्ष श्वेता मिश्रा एवं पटवारी रोशन जांगड़े ने बताया कि संघ की प्रमुख मांगों में विभागीय पदोन्नति के लिए समय-सीमा निर्धारित करना, समयमान वेतनमान का लाभ प्रदान करना तथा वेतन विसंगति का निराकरण शामिल है। उनका कहना है कि अन्य विभागों में कर्मचारियों को 3 से 7 वर्ष के भीतर पदोन्नति का अवसर मिलता है, जबकि पटवारियों के लिए अब तक ऐसी कोई स्पष्ट व्यवस्था लागू नहीं की गई है। संघ ने आरोप लगाया कि वर्ष 2017 में ग्रेड पे 2200 से बढ़ाकर 2400 किए जाने के बाद वेतन निर्धारण में गंभीर विसंगतियां उत्पन्न हुईं। इसके कारण कई पटवारियों का मूल वेतन अपेक्षित रूप से बढ़ने के बजाय कम हो गया, जिससे उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। इस संबंध में कई बार शासन को ज्ञापन सौंपे जाने के बावजूद अब तक कोई ठोस समाधान नहीं निकला है।

- पदोन्नति, वेतन विसंगति और समयमान वेतनमान की मांग को लेकर बेमेतरा में सांकेतिक धरना, थान खम्हरिया तहसील के पटवारी भी होंगे शामिल

पटवारी संघ ने राज्य शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग को भेजे ज्ञापन में स्पष्ट किया था कि यदि 2 अगस्त तक उनकी मांगों का समाधान नहीं किया गया तो 3 अगस्त को पूरे प्रदेश के साथ बेमेतरा जिले के सभी पटवारी सामूहिक अवकाश लेकर सांकेतिक धरना-प्रदर्शन करेंगे। जिला अध्यक्ष निर्जल कुमार डिंडोरे के नेतृत्व में आयोजित इस आंदोलन में थान खम्हरिया तहसील सहित जिलेभर के पटवारी शामिल होंगे। आंदोलन के चलते नामांतरण, सीमांकन, आय-जाति-निवास प्रमाण पत्र, फौती, बंटवारा सहित अन्य राजस्व संबंधी कार्यों के प्रभावित होने की संभावना जताई जा रही है।

सीवरेज प्रदूषण रोकने और ठोस कार्ययोजना की उठाई मांग

खारुन नदी संरक्षण के लिए चला स्वच्छता अभियान चार क्विंटल प्लास्टिक कचरा निकाला गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

खारुण नदी के संरक्षण और पर्यावरण संवर्धन के उद्देश्य से भाजपा किसान नेता एवं सर्व हिंदू सनातन संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष योगेश तिवारी के नेतृत्व में रविवार को व्यापक स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान नदी और उसके आसपास फैले लगभग चार क्विंटल प्लास्टिक कचरे को एकत्रित कर वैज्ञानिक तरीके से निस्तारण एवं पुनर्चक्रण के लिए वेस्ट सिटी भेजा गया। स्वच्छता अभियान में प्लास्टिक की बोतलें, पॉलीथिन, प्लास्टिक रैपर, डिस्पोजेबल सामग्री सहित अन्य गैर-जैविक अपशिष्ट बड़ी मात्रा में हटाए गए। अभियान का उद्देश्य नदी को प्लास्टिक प्रदूषण से मुक्त कर पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ाना रहा। इस अवसर पर योगेश तिवारी ने कहा कि लगातार बारिश के कारण खारुण नदी जल से लबालब है, लेकिन यह चिंता का विषय है कि आसपास के गांवों का सीवरेज का गंदा पानी सीधे नदी में छोड़ा जा रहा है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) और सर्वोच्च न्यायालय के स्पष्ट निर्देशों के बावजूद सीवरेज का पानी नदी में मिलना पर्यावरण और जनस्वास्थ्य दोनों के लिए गंभीर खतरा है।

- भाजपा किसान नेता योगेश तिवारी के नेतृत्व में अभियान

उन्होंने बताया कि प्रतिदिन बड़ी मात्रा में प्लास्टिक और अन्य अपशिष्ट नदी में बहकर पहुंच रहे हैं, जिससे खारुण नदी का प्राकृतिक स्वरूप लगातार प्रभावित हो रहा है। बरसात के बाद कई स्थानों पर नदी का स्वरूप नदी के बजाय नाले जैसा दिखाई देने लगता है। यदि समय रहते प्रभावी कदम नहीं उठाए गए तो भविष्य में यह जीवनदायिनी नदी अपना अस्तित्व खो सकती है। योगेश तिवारी ने कहा कि खारुण नदी केवल एक जलधारा नहीं, बल्कि हजारों ▶▶| शेष पेज 11 पर

खबर संक्षेप

फीकल स्लज प्लांट सारंगपुरकला में शुरू

कवर्धा। बोड़ला विकासखंड की ग्राम पंचायत सारंगपुरकला में फीकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट का निर्माण पूरा हो गया। प्लांट के संचालन से ग्रामीणों को सेप्टिक टैंक के अपशिष्ट का सुरक्षित निस्तारण मिलने लगा है। यह काम स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के तहत स्वच्छता से जुड़ी बुनियादी सुविधाएं मजबूत करने की कड़ी में किया गया। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक अग्रवाल ने बताया कि प्लांट शुरू होने के बाद गांवों में सेप्टिक टैंक से निकलने वाले अपशिष्ट का वैज्ञानिक तरीके से उपचार होगा। पहले टैंक की सफाई के दौरान अपशिष्ट खुले में फैलता था।

भोरमदेव मंदिर के लिए बूढ़ा महादेव मंदिर से 18 किमी पदयात्रा आज

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

ऐतिहासिक जनआस्था के प्रतीक भोरमदेव मंदिर में कांवरियों एवं श्रद्धालुओं द्वारा पदयात्रा कर भगवान शिव में जलाभिषेक करने की परंपरा वर्षों से चली आ रही है। कबीरधाम जिले में प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष सावन मास के प्रथम सोमवार 3 अगस्त को भव्य भोरमदेव पदयात्रा होने जा रही है।

कलेक्टर गोपाल वर्मा ने जिले के सभी जनप्रतिनिधियों, सामाजिक और व्यापारिक संगठनों और गणमान्य नागरिकों को इस भोरमदेव पदयात्रा में शामिल होने के लिए न्यौता दिया है। इसके अलावा पूर्व में कबीरधाम जिले में सेवाएं दे चुके वर्तमान में राज्य शासन के वरिष्ठ अफसरों को भी जिला प्रशासन द्वारा इस पद यात्रा में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया है।

छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध भोरमदेव मंदिर के लिए सोमवार 3 अगस्त को सुबह 7 बजे बुढ़ा महादेव मंदिर से भोरमदेव मंदिर तक 18 किलोमीटर की पदयात्रा प्रारंभ होगी। सालों से चली आ रही यह पदयात्रा प्रशासनिक तौर पर आमजनों के सहयोग से कवर्धा के बुढ़ामहादेव मंदिर से 2008 से अनवरत जारी है। श्रद्धालुओं एवं पदयात्रियों के जन स्वास्थ्य सुविधा एवं विश्राम के लिए अन्य व्यवस्था भी जिला प्रशासन द्वारा की गई है।

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के मंशानुरूप कलेक्टर गोपाल वर्मा के निर्देश पर जिला प्रशासन द्वारा इस पदयात्रा और पदयात्रा में शामिल होने वाले भक्तों के लिए स्वास्थ्य सहित अन्य सुविधाएं की तैयारियां पूरी कर ली गई है। साथ ही पदयात्रियों के लिए रोड मैप भी तैयार किया गया है। सम्पूर्ण पदयात्रा के लिए स्वास्थ्य विभाग का चलित एम्बुलेंस साथ चलेगा।

श्रद्धालुओं की स्वास्थ्य परीक्षण की व्यवस्था किया गया है। भोरमदेव मंदिर परिसर के आस-पास कांवरियों के ठहरने के लिए विश्रामालय की सुविधा सुनिश्चित किया गया है। सम्पूर्ण पदयात्रा के लिए डीजे साउंड बाक्स भी रहेगा।

विभिन्न स्थानों में जलपान की होगी व्यवस्था

शासन-प्रशासन के साथ विभिन्न सामाजिक संगठनो द्वारा पदयात्रा मार्ग में श्रद्धालुओं के लिए विभिन्न स्थानों पर शीतल पेयजल और जलपान की व्यवस्था रखी गई है। इसमें समनापुर, बरपेलाटोला, कोडार, राजानवागांव, बाघुटोला, छपरी गौशाला और भोरमदेव मंदिर परिसर में व्यवस्था की गई है।

प्रति सोमवार निःशुल्क भंडारा और प्रसादी का होगा वितरण

हर साल की तरह इस बार भी सावन माह के प्रत्येक सोमवार को भोरमदेव मंदिर में कांवरियों और श्रद्धालुओं के लिए निःशुल्क भंडारा और प्रसादी वितरण किया जाएगा। यहां श्रद्धालुओं को निःशुल्क भोजन मिलेगा साथ ही व्रतधारियों के लिए फलाहार की व्यवस्था भी रहेगी।

पदयात्रा के लिए ट्रैफिक प्लान रहेगा लागू, तीन स्थानों पर होगी पार्किंग

सावन के प्रथम सोमवार 3 अगस्त को भोरमदेव पदयात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुगम यातायात के लिए विशेष ट्रैफिक प्लान लागू रहेगा। समनापुर से भोरमदेव तक भारी और चारपहिया वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। लालपुर सरोधा मार्ग को वैकल्पिक मार्ग बनाया गया है, जबकि छपरी स्कूल परिसर, ग्राम छपरी में अन्य निर्धारित स्थान और भोरमदेव मेला स्थल पर पार्किंग की व्यवस्था रहेगी। पुलिस ने श्रद्धालुओं और वाहन चालकों से डायवर्सन व यातायात निर्देशों का पालन करने की अपील की है।

पदयात्रा में झांकियों का प्रदर्शन

भोरमदेव पदयात्रा को और अधिक भव्य, आकर्षक एवं सांस्कृतिक स्वरूप देने के लिए विभिन्न धार्मिक एवं सांस्कृतिक झांकियों का प्रदर्शन किया जाएगा। पदयात्रा मार्ग पर भगवान शिव, भारतीय संस्कृति, लोक परंपराओं एवं सामाजिक संदेशों पर आधारित आकर्षक झांकियां श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहेगा। साथ सांस्कृतिक विरासत का भी मनोहारी प्रदर्शन किया जाएगा।

घटना : भोरमदेव थाना में परिजनों ने दर्ज कराई थी गुमशुदगी

आठ दिन पूर्व घर से लापता महिला का मिला कंकाल, पुलिस जांच शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

जिले के भोरमदेव थाना क्षेत्र में बीते आठ दिन पूर्व अपने घर से गायब एक विवाहिता का कंकाल मिला है। परिजनो व ग्रामीणों से मिली सूचना के बाद भोरमदेव पुलिस ने मौके पर पहुंच कर लापता महिला का कंकाल बरामद कर आगे की कार्यवाही शुरू कर दी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार 1 अगस्त को ग्राम चौरा निवासी झंगल बैगा ने थाना भोरमदेव में उपस्थित होकर सूचना दी कि उसकी पत्नी चैती बाई बैगा उम्र 28 वर्ष गत 26 जुलाई को प्रातः लगभग 7.00 बजे बिना किसी को बताए घर से निकल गई थी और वापस नहीं लौटी। इस सूचना पर थाना भोरमदेव में गुमशुदगी दर्ज कर पुलिस द्वारा तत्काल महिला की तलाश प्रारंभ की गई। साथ ही परिजनों एवं ग्रामीणों को भी आसपास के क्षेत्रों में खोजबीन करने हेतु कहा गया। तलाश के दौरान परिजनों एवं ग्रामीणों को मृतिका के घर से लगभग 200 मीटर दूर जंगल-झाड़ी में स्थित एक सेन्हा पेड़ की डंगाल पर मृतिका की साड़ी का एक सिरा बंधा हुआ तथा पास की नरकंकाल पड़ा देखा और इसकी सूचना तत्काल भोरमदेव पुलिस को दी।

सूचना मिलते ही थाना प्रभारी भोरमदेव एवं वरिष्ठ पुलिस अधिकारी तत्काल घटनास्थल पर पहुंचे। उनके निर्देशन में पुलिस एवं फोरेंसिक टीम द्वारा घटनास्थल का सूक्ष्म निरीक्षण किया गया तथा वैज्ञानिक विधि से सभी महत्वपूर्ण साक्ष्यों एवं मानव अवशेषों का संकलन किया गया। इसके पश्चात मर्ग कायम कर पंचनामा एवं अन्य आवश्यक वैधानिक कार्रवाई प्रारंभ की गई। हालांकि अभी तक महिला की मौत की वजह स्पष्ट नहीं हो पाई है।

पीएम से स्पष्ट होगी मौत की वजह

घटनास्थल के निरीक्षण के दौरान सेन्हा पेड़ के नीचे तथा आसपास अलग-अलग स्थानों पर मानव खोपड़ी, पसलियां एवं पैर की हड्डियां बिखरी हुई मिलीं। प्रथम दृष्टया यह प्रतीत होता है कि शव को जंगली जानवरों द्वारा अलग-अलग स्थानों पर खींचकर क्षत-विक्षत किया गया है। हालांकि, मृत्यु के वास्तविक कारणों का निर्धारण पोस्टमार्टम, फोरेंसिक परीक्षण एवं वैज्ञानिक जांच के उपरांत ही किया जा सकेगा। पुलिस एवं फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल से सभी मानव अवशेषों एवं अन्य साक्ष्यों का विधिवत संकलन किया। परिजनों ने चूड़ियों एवं अन्य पहचान चिह्नों के आधार पर शव की पहचान चैती बाई बैगा के रूप में की। सभी आवश्यक वैधानिक कार्रवाई पूर्ण करने के उपरांत शव के अवशेषों को पोस्टमार्टम हेतु जिला अस्पताल, कवर्धा भेजा गया है। प्रकरण की जांच जारी है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट, फोरेंसिक रिपोर्ट एवं जांच में प्राप्त तथ्यों के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

मोबाइल को लेकर परिजनों की डांट से खफा छात्रा ने लगाई फांसी

मोबाइल की लत ने ली 9वीं की छात्रा की जान

- परिजनो की जरा सी डांट भी नहीं सहन कर पाई छात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बोड़ला

मोबाइल फोन की लत और एक पल का गुस्सा आज फिर एक हंसते-खेलते परिवार पर कहर बनकर टूटा। बोड़ला में मोबाइल चलाने से मना करने पर 9वीं कक्षा की छात्रा प्रगति मरकाम ने किराए के मकान में फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली।

इस खौफनाक कदम के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है, वहीं इलाके में शोक की लहर दौड़ गई है। मिली जानकारी के अनुसार, मृतक बालिका प्रगति मरकाम कक्षा 9वीं की छात्रा थी। उसके पिता राजेश मरकाम और माता बोड़ला स्थित शासकीय छात्रावास में रसोइया का काम करते हैं।

परिवार बोड़ला में ही एक किराए के मकान में रहता है। बताया जा रहा है कि घटना वाले दिन प्रगति लगातार मोबाइल चला रही थी। इस दौरान पिता राजेश मरकाम ने उसे पढ़ाई पर ध्यान देने और मोबाइल न चलाने की हिदायत देते हुए डांट दिया। पिता की इस बात से दुखी और नाराज होकर बच्ची ने घर के कमरे में खुद को बंद कर लिया और फांसी का फंदा लगा लिया।

जब काफी देर तक कमरा नहीं खुला, तो परिजनों को अनहोनी का अंदेशा हुआ। खिड़की से झांककर देखने पर प्रगति फंदे पर लटकी मिली।

दरवाजा तोड़कर छात्रा को निकाला गया बाहर

घटना के बाद परिजनो ने आनन-फानन में दरवाजा तोड़कर उसे नीचे उतारा गया, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। बच्चों में मोबाइल की लत और छोटी-छोटी बातों पर उग्र कदम उठाने की प्रवृत्ति बेहद चिंताजनक है। अभिभावक बच्चों को अचानक डांटने के बजाय धैर्य और समझाइश से मोबाइल के सही इस्तेमाल के प्रति जागरूक करें।

श्रद्धालुओं की सेवा में जुटी देवर्षि श्री नारद सेवा समिति

हरिभूमि न्यूज ⏭बोड़ला

सावन माह में भगवान शिव एवं मां नर्मदा के दर्शन के लिए निकलने वाले हजारों श्रद्धालुओं की सेवा के उद्देश्य से देवर्षि श्री नारद सेवा समिति ने इस वर्ष विशेष सेवा अभियान प्रारंभ किया है।

समिति द्वारा भोरमदेव पैदल यात्रा मार्ग पर सेवा स्टॉल लगाने के साथ-साथ अमरकंटक में तीन दिवसीय विशाल प्रसादी भंडारे का आयोजन किया जाएगा। समिति की यह पहल श्रद्धालुओं के लिए राहत और सेवा का केंद्र बनेगी। समिति के सदस्यों ने बताया कि 3 अगस्त, सावन के प्रथम सोमवार को भोरमदेव पैदल यात्रा मार्ग में विशेष सेवा स्टॉल स्थापित किया जाएगा। यहां पैदल यात्रा कर रहे शिवभक्तों एवं कांवड़ यात्रियों को निःशुल्क पेयजल, प्रसाद, फल एवं अन्य आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराई जाएगी। यात्रा मार्ग पर बढ़ती भीड़ को देखते हुए स्वयंसेवकों की विशेष टीम भी तैनात रहेगी, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

इसके बाद 10, 11 एवं 12 अगस्त को अमरकंटक स्थित जलेश्वर महादेव मां अन्नपूर्णा मंदिर के सामने लगातार तीन दिनों तक विशाल प्रसादी भंडारे का आयोजन किया जाएगा। माँ नर्मदा के उद्गम स्थल और भगवान शिव के दर्शन के लिए आने वाले हजारों श्रद्धालुओं को प्रेमपूर्वक भोजन प्रसाद वितरित किया जाएगा।

नवघटा की 44 छात्राओं को मिली साइकिल

हरिभूमि न्यूज ⏭स. लोहारा

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नवघटा में निःशुल्क सरस्वती साइकिल का वितरण किया गया कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम पंचायत नवघटा सरपंच श्रीमती रीना मेरावी मुख्य अतिथि शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष कैलाश मिश्रा विशिष्ट अतिथि श्रवण मरकाम शक्ति केंद्र प्रभारी नवघटा संतोष कुमार कुम्भकार बूथ अध्यक्ष रेंगटोला पुरुषोत्तम साहू बूथ अध्यक्ष दारगांव उपस्थित रहे।

सरपंच नवघटा एवं कैलाश मिश्रा के द्वारा साइकिल प्राप्त छात्राओं को बधाई देते हुए नियमित शाला आने एवं अच्छे मन लगाकर पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया। श्रवण मरकाम ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि यह शासन की महत्वाकांक्षी योजना बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रारंभ किया गया है जिससे बालिकाओं को शाला आने जाने में कोई परेशानी ना हो। प्राचार्य एमएल देवांगन ने बताया कि सत्र 2026-27 में कुल 44 छात्राओं क्रो साइकिल वितरण किया जाना है। उनके द्वारा बताया गया कि निःशुल्क सरस्वती साइकिल योजना के कारण शाला में 60 प्रतिशत संख्या बालिकाओं की है। अंत में सभी छात्राओं को नियमित शाला आने एवं अच्छे पढ़ाई करने के लिये कहा। उक्त कार्यक्रम में धन्नू राम मेरावी, उपसरपंच तोरण रात्रे, चित्रांगद बघेल रामराज रात्रे ललित सिन्हा जिवराखन सिन्हा, शिवा सोनकर, धनसिंह श्रीवास, सरपंच प्रतिनिधि नंदकुमार मेरावी शाला में पदस्थ शिक्षक श्रीमती वैदे मेम, वर्मा सर, खान मेम, मेश्राम सर, गुप्ता सर, पाटिल मेम, खरे मेम, सोनी मेम, पाठक सर, लता मेम, ग्राम के गणमान्य नागरिक पालक गण एवं शाला के सभी छात्र-छात्रा उपस्थित थे।

जिले में एनालॉग पनीर किया गया प्रतिबंधित

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 के तहत खाद्य सुरक्षा आयुक्त, छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार जिला कबीरधाम में डेयरी एनालॉग पनीर के निर्माण, प्रसंस्करण, भंडारण, परिवहन, वितरण, विक्रय एवं उपयोग पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लागू कर दिया गया है।

उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य की सुरक्षा, भ्रामक व्यापारिक गतिविधियों पर रोक सुनिश्चित करने के उद्देश्य से यह निर्णय लिया गया है। खाद्य एवं औषधि प्रशासन ने बताया कि डेयरी एनालॉग ऐसा उत्पाद है, जो दिखने, स्वाद और बनावट में पनीर जैसा होता है, लेकिन उसका निर्माण पूरी तरह दूध से नहीं किया जाता।

दूध के स्थान पर या उसके साथ वनस्पति वसा, वनस्पति तेल अथवा अन्य गैर-दुग्ध अवयवों का उपयोग किया जाता है। ऐसे उत्पादों की अलग पहचान और लेबलिंग का प्रावधान भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण द्वारा किया गया है, ताकि उपभोक्ता वास्तविक पनीर और डेयरी एनालॉग के बीच अंतर समझ सकें।

कलेक्टर गोपाल वर्मा ने विभाग को प्रतिबंध के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए जिले में विशेष निरीक्षण अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं।

ग्राम कोदवागोडान में बिना सूचना बोर्ड के हो रहा 28.51 लाख रूपए का निर्माण

उप स्वास्थ्य केंद्र निर्माण में भारी अनियमितता

हरिभूमि न्यूज ⏭कोदवागोडान

पंडरिया विकास खंड के ग्राम कोदवा गोडान में 28.51 लाख रुपये की लागत से स्वीकृत नवीन उप स्वास्थ्य केंद्र भवन का निर्माण कार्य अपनी शुरुआत से ही पूत के पांव पालने में दिख रहा वाली कहावत को चरितार्थ कर रहा है।

निर्माण स्थल पर पाया गया कि प्रारंभिक कार्य के तहत जमीन में बेस तैयार कर अब तक कॉलम खड़े कर दिए गए हैं। किंतु कार्य एजेंसी द्वारा स्वास्थ्य केंद्र जैसे महत्वपूर्ण भवन निर्माण में प्रक्रियागत लापरवाही तथा निर्माण सामग्री की गुणवत्ता को लेकर अभी से सवाल उठने लगे हैं। नियमानुसार किसी भी शासकीय निर्माण कार्य के प्रारंभ होने से पूर्व कार्यस्थल पर एक सूचना बोर्ड लगाना अनिवार्य होता है।

इसमें स्वीकृत राशि, कार्य एजेंसी का नाम, ठेकेदार, कार्य प्रारंभ एवं पूर्ण होने की तिथि तथा जिम्मेदार अधिकारियों के नाम व संपर्क नंबर अंकित होने चाहिए। लेकिन कोदवा गोडान के इस निर्माण स्थल पर ऐसा कोई बोर्ड नहीं लगाया गया है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि उन्हें इस बात की कोई जानकारी नहीं है कि कार्य का ठेका किसके पास है और स्थानीय स्तर पर इसकी देखरेख कौन कर रहा है।

निर्माण सामग्री की गुणवत्ता को लेकर ग्रामीणों ने जताई आपत्ति

स्थल निरीक्षण के दौरान यह बात भी सामने आई है कि भवन निर्माण के लिए मानक गुणवत्ता की रेत के बजाय स्थानीय नाले से निकाली गई अमानक एवं मिट्टी युक्त रेत का उपयोग किया जा रहा है। विशेषज्ञों और ग्रामीणों का मानना है कि शासकीय भवनों के निर्माण में अमानक रेत का उपयोग करने से भविष्य में इमारत की मजबूती और टिकाऊपन पर गंभीर असर पड़ सकता है।

ग्राम खरिया में शराब पूर्ण प्रतिबंधित

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

ग्राम पंचायत खरिया में नशामुक्त समाज की स्थापना की दिशा में एक ऐतिहासिक और सराहनीय पहल की गई है। शनिवार, 1 अगस्त 2026 को आयोजित सर्वदलीय बैठक में गांव के जनप्रतिनिधियों, विभिन्न समाजों के प्रमुखों एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासियों की उपस्थिति में सर्वसम्मति से गांव में शराब निर्माण एवं बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने का निर्णय लिया गया।

इस निर्णय को लेकर पूरे गांव में सकारात्मक माहौल देखा जा रहा है। बैठक की अध्यक्षता सरपंच नीरू कलाराम अनंत की उपस्थिति में हुई, जिसमें उपसरपंच, पंचगण, विभिन्न समाजों के समाज प्रमुख, वरिष्ठ नागरिक, युवा एवं महिला प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक का मुख्य उद्देश्य गांव में बढ़ती नशे की प्रवृत्ति पर रोक लगाना, सामाजिक सौहार्द बनाए रखना तथा आने वाली पीढ़ी को नशे के दुष्प्रभावों से बचाना था। सभी पक्षों ने अपने विचार रखे और विस्तृत चर्चा के बाद सर्वसम्मति से कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित किए गए। बैठक में लिए गए निर्णयों के अनुसार ग्राम पंचायत खरिया, सरई, नयापारा एवं ठाकुर देव पारा क्षेत्र में अब किसी भी प्रकार की अवैध शराब का निर्माण और बिक्री पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगी।

इसके साथ ही इस निर्णय का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के लिए निगरानी एवं कार्यकारी समिति का गठन किया गया है।

हरित विद्यालय अभियान को मिल रहा ग्रामीणों का भरपूर साथ

- ईंट, पाइप, श्रमदान, पौधरोपण और सामुदायिक सहभागिता से विद्यालय परिसर बन रहा हरित व आकर्षक का केन्द्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

शासकीय उच्चतर माध्यमिक स्कूल बामी को हरित एवं सुंदर विद्यालय के रूप में विकसित करने के उद्देश्य से चलाए जा रहे जनसहयोग अभियान को ग्रामीणों का लगातार उत्साहजनक सहयोग मिल रहा है। ग्रामीणों, जनप्रतिनिधियों, पालकों, शिक्षकों एवं समाजसेवियों की सहभागिता से विद्यालय परिसर का स्वरूप तेजी से बदल रहा है और यह अभियान पूरे क्षेत्र में प्रेरणादायी उदाहरण बनता जा रहा है। इसी क्रम में ग्राम पंचायत बामी के पंच विमल साहू ने व्यक्तिगत सहयोग करते हुए विद्यालय परिषर में पौधों की क्यारियों के निर्माण के लिए लगभग (एक ट्रिप ट्रैक्टर) तथा पौधों की सिंचाई के लिए पाइप उपलब्ध कराया। उन्होंने विद्यालय परिषर में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया।

विद्यालय के प्राचार्य त्रिभुवन साहू ने बताया कि विद्यालय के हरित एवं सौंदर्यीकरण अभियान में ग्रामीणों का भरपूर सहयोग मिल रहा है। समाज के सहयोग से विद्यालय परिषर को विद्यार्थियों के लिए स्वच्छ, सुंदर और प्राकृतिक वातावरण उपलब्ध कराने का प्रयास किया जा रहा है। इस अभियान के सफल क्रियान्वयन में यशवंत साहू ने भी सक्रिय भूमिका निभाई। वहीं शिलाल साहू, श्रीमती हिरन साहू, छम्मन साहू, श्रीमती सिलापा साहू तथा राधा स्वामी के सेवादारों ने विद्यालय परिषर में हरित घास लगाने के कार्य में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनके श्रमदान और सहयोग से विद्यालय का परिसर तेजी से हरित एवं आकर्षक स्वरूप ले रहा है। विद्यालय को ग्राम से बाहर के लोगों का भी उल्लेखनीय सहयोग प्राप्त हुआ। ग्राम कटोरी से अश्वन साहू, जोहन साहू, मनमोहन साहू, अघन लाल साहू, चंद्रकुमार जंघेल एवं ओपकुमार ने संयुक्त रूप से एक ट्रिप ईंट प्रदान कर अभियान को नई मजबूती दी।

विद्यालय के विकास कार्यों में कुलेंद्र राणा, पूर्व प्रभारी प्राचार्य का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा। उनके कार्यकाल में विद्यालय परिसर में कामनी हेज का रोपण तथा जल सिंचाई के लिए नल की व्यवस्था कराई गई, जिससे वर्तमान हरित अभियान को आगे बढ़ाने में सुविधा मिली।

पौधरोपण एवं हरित विद्यालय अभियान में विद्यालय के शिक्षक सुशील वर्मा, श्रीमती रेणु चंदेल, रामकृपाल देवदास, श्रीमती चंद्रलता तिवारी, भारती निर्मलकर, रामप्रसाद बंजारे, हेमदीप निषाद, संकुल समन्वयक दिनेश वर्मा, वरुण साहू, विनोद साहू सहित ग्रामीण पालकों में गिरवर साहू, लखन साहू, चुम्मन साहू, सचिव जीवन जंघेल, सीताराम साहू, गीताराम साहू, बीरसिंह नेताम, गोकुल साहू, मोखेलाल साहू तथा अनेक ग्रामीणों एवं स्कूली बच्चों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई।

हरित एवं सौंदर्यीकरण अभियान जारी

ग्राम पंचायत केन्जेदाह के सरपंच माखन साहू ने भी विद्यालय के हरित एवं सौंदर्यीकरण अभियान में आवश्यक सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया। विद्यालय प्रबंधन ने सभी सहयोगकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समाज की सहभागिता से ही शासकीय विद्यालयों का समग्र विकास संभव है। जनसहयोग से विकसित हो रहा यह हरित विद्यालय विद्यार्थियों को स्वच्छ, सुरक्षित, प्राकृतिक एवं प्रेरणादायी शैक्षणिक वातावरण प्रदान करेगा तथा अन्य विद्यालयों के लिए भी एक अनुकरणीय मॉडल बनेगा।

खबर संक्षेप

बेजुबान गौ-माता की नाली में गिरने से मौत

कोलेगांव। विकासखंड पंडरिया के ग्राम पेंड्रीकला में एक दुखद घटना सामने आई है। शनिवार देर रात एक बेजुबान गौ-माता अचानक नाली में गिर गई, जिससे उसकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार सुबह जब आसपास के लोगों ने देखा तो गौ माता नाली में फंसी हुई थी, ग्रामीणों ने तत्काल उसे बाहर निकाला। बताया जा रहा है कि गाय नाली में इस तरह फंस गई थी कि उसके चारों पैर ऊपर की ओर थे और सिर नीचे की ओर दबा हुआ था, जिसके कारण वह स्वयं बाहर नहीं निकल सकी। ग्रामीणों के अनुसार यदि रात में ही किसी की नजर उस पर पड़ जाती तो समय रहते उसे बचाया जा सकता था। फिलहाल गाय के मालिक की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है। इस घटना ने एक बार फिर खुले और असुरक्षित नालों की समस्या को उजागर कर दिया है। ग्रामीणों ने मांग की है कि ऐसे स्थानों पर सुरक्षा के उचित इंतजाम किए जाएं, ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं से बेजुबान पशुओं की जान बचाई जा सके।

पोंड़ी के विद्यार्थियों ने ली नशा मुक्ति की शपथ

पोंड़ी। नशा मुक्त विकसित भारत अभियान के तहत स्वामी आत्मानंद स्कूल हिंदी अंग्रेजी माध्यम पोंड़ी में रविवार को जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने नशा मुक्त भारत के निर्माण का संकल्प लेते हुए शपथ ग्रहण की। साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अभियान से जुड़े लाइव प्रसारण को भी ध्यानपूर्वक सुना। इस अवसर पर विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराते हुए स्वस्थ, जागरूक और जिम्मेदार नागरिक बनने का संदेश दिया गया। वक्ताओं ने कहा कि नशा मुक्त समाज के निर्माण में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है और सभी को इसके लिए आगे आकर जन-जागरूकता फैलानी चाहिए। कार्यक्रम में शाला विकास समिति के अध्यक्ष वेद साहू, प्राचार्य संजय कुमार गुप्ता, व्याख्याता बी पात्रे, रामफल चंद्रवंशी, शेषनारायण वर्मा, देवेंद्र चंद्रवंशी, हॉस्टल अधीक्षक सहित विद्यालय के शिक्षक एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थें।

कूडो स्पर्धा में आरपीएस के छात्राओं का दबदबा

कवर्धा। जिले में प्रथम कूडो प्रतियोगिता 2026-27 में श्री रामकृष्ण पब्लिक स्कूल कवर्धा के खिलाड़ियों ने गौरव बढ़ाया। प्रतियोगिता में विद्यालय के 21 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया और सभी खिलाड़ियों ने पदक जीते। इनमें 17 खिलाड़ियों ने स्वर्ण, दो ने रजत और दो ने कांस्य पदक अपने नाम किए।

केंद्र व राज्य सरकार की दूरदर्शी सोच से मिली सौगात

रेल-लाइन को मिली स्वीकृति सांसद का किया भव्य स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

क्षेत्रीय सांसद संतोष पांडेय डोंगरगढ़-कटघोरा रेल लाइन की स्वीकृति दिलाने के पश्चात कवर्धा पहुंचे। यहां भाजपा के कार्यकर्ताओं, विभिन्न संगठनों, समाज एवं नागरिकों ने सांसद पांडेय का जगह-जगह जोरदार स्वागत किया। सर्वप्रथम इंदौरी में भाजपा इंदौरी मंडल व बिरकोना में भाजपा के जिला उपाध्यक्ष व पिपरिया मंडल के प्रभारी जयराम साहू व मंडल अध्यक्ष प्रकाश चंद्रवंशी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने सांसद पांडेय का स्वागत किया।

कवर्धा बायपास चौक में भाजयुमो के जिलाध्यक्ष उमंग पांडेय व भाजपा शिक्षा प्रकोष्ठ के जिला संयोजक राजू श्रीवास्तव के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। ठाकुरदेव चौक में भाजपा के जिलाध्यक्ष राजेंद्र चंद्रवंशी के नेतृत्व में जिला भाजपा के कार्यकर्ताओं व महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष विजयलक्ष्मी तिवारी के नेतृत्व में महिला मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। सांसद पांडेय यहां से पैदल चलकर नागरिकों का अभिवादन स्वीकार करते हुए वीर स्तंभ चौक पहुंचे। यहां नागरिक अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान सांसद पांडेय का भाजपा के विभिन्न मोर्चा प्रकोष्ठ, जिला गुड़ उद्योग संघ, हरीतिमा टीम, युवा मित्र मंडल, पत्रकार संघ, विभिन्न समाज के पदाधिकारियों एवं नागरिकों ने जोरदार स्वागत अभिनंदन किया।

जिला भाजपा कार्यालय में पूर्व विधायक डॉ सियाराम साहू, मोतीराम चंद्रवंशी व पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष रामकुमार भट्ट सहित अन्य वरिष्ठ नेताओं ने स्वागत किया। भाजपा के जिलाध्यक्ष राजेंद्र चंद्रवंशी ने कहा कि सांसद संतोष पांडेय के सतत प्रयास, केंद्र व राज्य सरकार की दूरदर्शी सोच से डोंगरगढ़-कटघोरा रेल लाइन को स्वीकृति मिली है। यह सिर्फ एक रेल लाइन नहीं है, यह हमारे क्षेत्र के विकास की नई पटरी है। सांसद पांडेय ने संसद से लेकर रेल मंत्रालय तक इस मुद्दे को लगातार उठाया और आज इसे धरातल पर उतरवाया।

युवाओं को शिक्षा और रोजगार के नए अवसर मिलेंगे: सांसद

सांसद संतोष पांडेय ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आज हमारे लिए ऐतिहासिक दिन है। कई दशकों से डोंगरगढ़, खैरागढ़-कवर्धा, मुंगेली और कटघोरा क्षेत्र की जनता रेल लाइन का सपना देख रही थी। शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और व्यापार के लिए हम सबको दूसरे जिलों पर निर्भर रहना पड़ता था। इस रेल लाइन से युवाओं को शिक्षा और रोजगार के नए अवसर मिलेंगे। उद्योग और व्यापार को नई गति मिलेगी। यात्रा सुगम होगी। क्षेत्र के विकास को गति मिलेगी।

सामनापुर-मोतेसरा मार्ग का शुरू हुआ सुधार कार्य

खबर का असर: ग्रामीणों व क्षेत्रवासियों ने जताया संतोष

- हाथों में चप्पल, पैरों तले दलदल खबर प्रमुखता से प्रकाशित होने के बाद सड़क पर डाली गई गिट्टी

हरिभूमि न्यूज ▶▶कोलेगांव

खबर का असर

पंडरिया विधानसभा अंतर्गत सामनापुर-मोतेसरा मार्ग की बदहाल स्थिति को लेकर हरिभूमि में प्रमुखता से प्रकाशित खबर का असर दिखाई देने लगा है। बारिश के दौरान दलदल में तब्दील हो चुकी सड़क और स्कूली बच्चों के हाथों में चप्पल लेकर स्कूल जाने की मजबूरी को प्रमुखता से उठाए जाने के बाद संबंधित विभाग हरकत में आया है।

विभाग द्वारा सड़क पर गिट्टी डालने का कार्य शुरू कर दिया गया है। इससे लंबे समय से कीचड़ और दलदल से जूझ रहे ग्रामीणों एवं विद्यार्थियों को कुछ राहत मिलने की उम्मीद जगी है। हालांकि ग्रामीणों का कहना है कि केवल गिट्टी डालना स्थायी समाधान नहीं है। सड़क का निर्माण कार्य गुणवत्ता के साथ शीघ्र पूरा कराया जाना आवश्यक है, ताकि बारिश के दौरान दोबारा ऐसी स्थिति उत्पन्न न हो। गौरतलब है कि हरिभूमि ने हाथों में चप्पल, पैरों तले दलदल ऐसे स्कूल पहुंच रहे बच्चे शीर्षक से खबर प्रकाशित कर सड़क की बदहाल स्थिति को प्रमुखता से उजागर किया था। खबर में बताया गया था कि प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालय के छात्र-छात्राएं कीचड़ भरे रास्ते से पैदल स्कूल जाने को मजबूर हैं और बारिश में हर दिन दुर्घटना का खतरा बना रहता है।

खबर प्रकाशित होने के बाद विभाग ने सड़क पर गिट्टी बिछाने का कार्य प्रारंभ कर दिया है। ग्रामीणों ने समाचार के बाद हुई त्वरित कार्रवाई का स्वागत करते हुए मांग की है कि शेष निर्माण कार्य भी जल्द पूरा कराया जाए, ताकि क्षेत्रवासियों को सुरक्षित और सुगम आवागमन की सुविधा मिल सके।

करपात्री स्कूल में एक पेड़ मां के नाम के तहत किया गया पौधारोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई स्वामी करपात्री जी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कवर्धा द्वारा एक पेड़ मां के नाम अभियान अंतर्गत विद्यालय परिषर में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम विद्यालय के प्राचार्य डीएस जोशी एवं जिला संगठक, राष्ट्रीय सेवा योजना, डॉ श्रीमती केएस परिहार के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का नेतृत्व कार्यक्रम अधिकारी (एनएसएस) वजन राम साहू ने किया।

कार्यक्रम में दलनायक सतखोजन, दल नायिका माया रानी, सहायक दलनायिका नेहा ठाकुर तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक विभिन्न प्रजातियों के पौधों का रोपण किया। सभी स्वयंसेवकों ने पौधों के संरक्षण एवं नियमित देखभाल का संकल्प भी लिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के व्याख्याता डीएस क्षत्रिय, बीआर लहरें, विवेक श्रीवास्तव, रोहित जायसवाल, जलेश वर्मा सहित विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं का सराहनीय सहयोग रहा। कार्यक्रम के अंत में सभी स्वयंसेवकों ने अधिकाधिक पौधरोपण करने, लगाए गए पौधों का संरक्षण करने तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता फैलाने का सामूहिक संकल्प लिया। विद्यालय परिवार ने इस अभियान को समाजहित में एक प्रेरणादायी पहल बताते हुए भविष्य में भी ऐसे जनकल्याणकारी कार्यक्रम निरंतर आयोजित करने का संकल्प व्यक्त किया।

कार्यक्रम अधिकारी वजन राम साहू ने कहा कि एक पेड़ मां के नाम अभियान केवल पौधरोपण तक सीमित नहीं है, बल्कि यह प्रकृति, मातृत्व और पर्यावरण संरक्षण के प्रति हमारी जिम्मेदारी का प्रतीक है। प्रत्येक व्यक्ति यदि एक पौधा लगाकर उसकी देखभाल करे, तो आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ एवं हरित वातावरण प्रदान किया जा सकता है।

पेज 9 के शेष

कामदेव ने सबसे पहले ...

शंकराचार्य जी ने कहा कि वेद परम सत्य का ज्ञान कराने वाले अपौरुषेय ग्रंथ हैं। वेदों का प्रत्येक अक्षर और प्रत्येक मात्रा सार्थक एवं उपयोगी है। उन्होंने कहा कि यदि श्रोत्रिय एवं ब्रह्मनिष्ठ सद्गुरु से ब्रह्मज्ञान प्राप्त किया जाए तो मनुष्य को दुखों से पूर्ण मुक्ति और परम आनंद स्वरूप मोक्ष की प्राप्ति होती है। उन्होंने श्रद्धालुओं से वेद और ब्रह्मज्ञान के अध्ययन एवं आचरण का आग्रह किया।

नशा सामाजिक बुराई ...

किसी भी राष्ट्र की सबसे बड़ी शक्ति और उम्मीद होते हैं। उन्होंने कहा कि नशा केवल एक व्यक्ति को नहीं, बल्कि पूरे परिवार को प्रभावित करता है और युवाओं के स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार, खेल तथा भविष्य को नुकसान पहुंचाता है। उन्होंने युवाओं से अपने जीवन के लक्ष्यों को नशे की भेंट नहीं चढ़ाने की अपील करते हुए कहा कि प्रत्येक युवा स्वयं नशे से दूर रहे और कम से कम दस अन्य लोगों को भी नशामुक्ति के लिए प्रेरित करे। उन्होंने कहा कि जागरूक, स्वस्थ और आत्मनिर्भर युवा ही विकसित भारत की वास्तविक आधारशिला हैं।

खिलाड़ियों का ...

छात्राओं एवं विभिन्न विभागों के अधिकारियों की उपस्थिति रही।

खारुन नदी संरक्षण के लिए ...

लोगों की जीवनरेखा है। इसी नदी के जल से अनेक शहरों में पेयजल की आपूर्ति होती है और बड़ी संख्या में किसान सिंचाई के लिए इस पर निर्भर हैं। इसलिए इसे स्वच्छ और प्रदूषण मुक्त रखना समाज और प्रशासन की साझा जिम्मेदारी है। उन्होंने बताया कि नदी संरक्षण को लेकर जनजागरूकता अभियान लगातार चलाया जाएगा। साथ ही जल्द ही उनके नेतृत्व में छत्तीसगढ़ शासन के पर्यावरण मंत्री श्री ओ.पी. चौधरी को ज्ञापन सौंपकर खारुण नदी में गिर रहे सीवरेज के पानी को रोकने, प्लास्टिक प्रदूषण पर प्रभावी नियंत्रण करने तथा नदी संरक्षण के लिए ठोस एवं स्थायी कार्ययोजना लागू करने की मांग की जाएगी। अभियान के समापन पर उपस्थित लोगों ने खारुण नदी को स्वच्छ, निर्मल और प्रदूषण मुक्त बनाए रखने का संकल्प लिया तथा पर्यावरण संरक्षण के इस जनअभियान को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया।

लगातार बिजली कटौती के कारण जनजीवन प्रभावित

बढ़ते बिजली बिल से किसान व ग्रामीण परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया के कोलेगांव बिजली उपकेंद्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम कोलेगांव, भगतपुर, मोहतरा कला, कंझेटा, धनेली, अमली मालगी, कुआंमालगी, सेमरकोना, निगापुर, भटरूसे, कंझेटी, पथरी एवं सोमनापुर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में इन दिनों लगातार हो रही बिजली कटौती से आम नागरिक और किसान परेशान हैं।

ग्रामीणों का कहना है कि बिना आंधी, तूफान या बारिश के भी घंटों तक बिजली आपूर्ति बाधित रहती है। लगातार हो रही कटौती के कारण जनजीवन प्रभावित हो रहा है। वहीं किसानों को खेतों में ट्यूबवेल के माध्यम से सिंचाई करने में भी भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। यहां बताना लाजिमी होगा कि एक ओर नियमित बिजली आपूर्ति नहीं मिल रही है, वहीं दूसरी ओर स्मार्ट मीटर लगने के बाद अपेक्षा से अधिक बिजली बिल आने लगे हैं। किसानों का कहना है कि अनियमित बिजली मिलने के बावजूद अधिक बिल आने से उनमें नाराजगी बढ़ रही है।

क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन और विद्युत विभाग से मांग की है कि कोलेगांव बिजली उपकेंद्र में वर्तमान में स्थापित 315 केव्ही क्षमता के ट्रांसफार्मर पर अधिक लोड होने के कारण पर्याप्त बिजली आपूर्ति नहीं हो पा रही है। इसलिए इसकी क्षमता बढ़ाकर 500 केव्ही का ट्रांसफार्मर स्थापित किया जाए, ताकि विद्युत भार कम हो सके और किसानों तथा आम उपभोक्ताओं को सुचारु एवं पर्याप्त बिजली आपूर्ति मिल सके।

खबर संक्षेप

भरर स्कूल में छात्र संगठन ने ली शपथ

जामगांव आर। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भरर में छात्र संघ का गठन किया गया। यहां क्रीड़ा, स्काउट/गाइड,रेडक्रॉस, स्वच्छता अनुशासन, इको क्लब के साथ शाला नायक और उप शाला नायक आदि का चयन किया गया। प्राचार्य डॉक्टर भारती की उपस्थिति में इन्हें शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर शिक्षक उपस्थित थे।

व्याख्याता को दी विदाई

उतई। पाऊवारा स्वामी आत्मानंद इंग्लिश माध्यम स्कूल में सेवानिवृत्त व्याख्याता धनराज सिंह डाहरे एवं शाला स्थानांतरित व्याख्याता शुभ्रा वर्मा को शाला परिवार की ओर से विदाई दी गई। इस संबंध में पाऊवारा संकुल के सभी शिक्षकों ने एक कार्यक्रम रखा। जिसमें सेवानिवृत्त, स्थानांतरित शिक्षकों के महत्वपूर्ण योगदान को याद करते हुए भेंट देकर सम्मान से विदाई दी गई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जनपद उपाध्यक्ष राकेश हिरवानी ग्राम पाऊवारा सरपंच मीना यादव ,बोरीगारका सरपंच चुमन यादव,शाला विकास समिति के अध्यक्ष दिलीप साहू,उपाध्यक्ष डोमिन साहू प्राचार्य एच एल जांगड़े, व्याख्याता सी बन्छोर, प्रतिभा शर्मा, अंजली चौधरी, लक्ष्मी धीर संकुल समन्वयक रंजना देशमुख, प्रधानपाठक लक्ष्मी चन्द्राकर, तेजेश्वरी गांवरे, नीता कोसेवाड़ा, रमेश नोरके सहित ग्राम पाऊवारा व बोरीगारका के समस्त शिक्षक व ग्रामीण जन उपस्थित थे।

स्मार्ट नहीं बन गया है महतारी वंदन मीटर

निकुम। ब्लॉक स्तरीय एक दिवसीय धरना प्रदर्शन दुर्ग ग्रामीण विधान सभा के ग्राम निकुम बाजार चौक में हुआ। जिसमें सैकड़ों कांग्रेसी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जनों ने विरोध प्रदर्शन कर भाजपा सरकार के रवैए के खिलाफ नारेबाजी की। वही सभा को संबोधित करते हुए अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी दुर्ग राकेश ठाकुर ने कहा कि सुशासन की ढोल पीटने वाली भाजपा सरकार की रीति नीति से आमजन परेशान हैं, ग्रामीण क्षेत्र में भी ग्रामीण महंगी बिजली बिल से परेशान है। दुर्ग ग्रामीण ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष देवेंद्र देशमुख ने कहा कि भाजपा सरकार की ताना शाही से प्रदेश की जनता त्रस्त है। इस दौरान सब स्टेशन निकुम जे ई को मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नाम से विरोध पत्र सौंपा, जनपद उपाध्यक्ष दुर्ग राकेश हिरवानी, उपाध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी दुर्ग टिकेश्वरी देशमुख व रीवेंद्र यादव, पूर्व अध्यक्ष केश शिल्प बोर्ड नंद कुमार सेन, पूर्व जनपद सदस्य रूपेश देशमुख, दीपांशु यादव चतुर्वेदी सहित बड़ी संख्या में रहे।

पर्यावरण मित्रों ने जताया विधायक का आभार

सेलूद। दशहरा मैदान रिसाली के सौंदर्यीकरण के लिए राशि स्वीकृत किये जाने पर पर्यावरण मित्र रिसाली ने विधायक ललित चंद्राकर का आभार व्यक्त किया है। नगर निगम रिसाली पर्यावरण विभाग के ब्रांड एम्बेसडर ललित वर्मा,राजेन्द्र वर्मा, रूपेंद्र वर्मा, हरीश साहू ,टीकाराम साहू, विपिन वर्मा, महेश चन्द्राकर, नरेंद्र राणा, देवेंद्र तिवारी, पवन चन्द्राकर, अजय चंद्राकर,पूरण देशमुख, शिव चन्द्राकर, एस एन सिंह, नरेंद्र साहू, नागेंद्र मरावी, मोरध्वज चन्द्राकर,सहित अन्य सदस्यों से आभार व्यक्त किया है।

पर्व : हजारों गैलन जल चढ़ाने पर भी नहीं डूबने की है मान्यता

सावन के पहले सोमवार पर सहसपुर के प्राचीन शिव मंदिर में उमड़ेगा आस्था का सैलाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| देवकर

नगर पंचायत देवकर से लगभग 5 किलोमीटर दूर स्थित ग्राम सहसपुर का प्राचीन शिव मंदिर सावन के पहले सोमवार पर शिवभक्तों की आस्था का प्रमुख केंद्र बनने जा रहा है। सोमवार सुबह से देर शाम तक भगवान भोलेनाथ के जलाभिषेक के लिए आसपास के गांवों सहित दूर-दराज़ क्षेत्रों से हजारों श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। मंदिर परिसर में भक्तों की सुविधा और पूजा-अर्चना की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। सहसपुर का यह प्राचीन शिव मंदिर 13वीं से 14वीं शताब्दी के बीच फणी नागवंशी राजाओं के शासनकाल में नागर शैली में निर्मित माना जाता है। पूर्वाभिमुख यह मंदिर अपनी उत्कृष्ट स्थापत्य कला और ऐतिहासिक महत्व के कारण पूरे क्षेत्र में विशेष पहचान रखता है। मंदिर के मंडप में 16 विशाल पत्थर के स्तंभ हैं, जिन पर नाग आकृतियों सहित बारीक शिल्पकारी की गई है। प्रवेश द्वार पर भोरमदेव मंदिर की शैली में भगवान शिव, ब्रह्मा और विष्णु की आकर्षक प्रतिमाएं मंदिर की भव्यता को और बढ़ाती हैं। इस मंदिर की सबसे बड़ी विशेषता गर्भगृह में स्थापित लगभग छह फीट ऊंचा और चार फीट मोटा स्वयंभू शिवलिंग है, जिसे लेकर कई वर्षों से स्थानीय जनमानस में गहरी आस्था और रहस्यमयी मान्यताएं प्रचलित हैं। स्थानीय जनश्रुतियों के अनुसार लगभग 80 वर्ष पूर्व क्षेत्र में भीषण अकाल पड़ने पर ग्रामीणों ने महाशिवरात्रि के अवसर पर भगवान शिव का जलाभिषेक कर शिवलिंग को पूरी तरह जलमग्न करने का संकल्प लिया था। सुबह से शाम तक मंदिर से करीब 300 मीटर दूर स्थित जलाशय से कतारबद्ध होकर हजारों गैलन पानी चढ़ाया गया, लेकिन आश्चर्यजनक रूप से शिवलिंग पूरी तरह नहीं डूबा। बताया जाता है कि चढ़ाया गया जल कहां समा गया, इसका रहस्य आज तक सामने नहीं आ सका। इसी घटना के बाद से इस शिवलिंग के प्रति श्रद्धालुओं की आस्था और भी प्रगाढ़ हो गई। सावन के पहले सोमवार पर भी परंपरा के अनुसार श्रद्धालु जलाशय से जल भरकर कतारबद्ध होकर मंदिर पहुंचेंगे और भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक करेंगे। हर वर्ष सावन और महाशिवरात्रि के अवसर पर छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों के साथ-साथ अन्य राज्यों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु इस प्राचीन और रहस्यमयी शिवधाम के दर्शन के लिए पहुंचते हैं।

- 13वीं शताब्दी का रहस्यमयी स्वयंभू शिवलिंग आज भी बना हुआ है कौतूहल का केंद्र

श्रावण मास में शिवजी को जल और बेलपत्र अर्पित करने का विशेष महत्व : पं. मोहन नारायण

थान खम्हरिया। श्रावण मास में भगवान शिव की आराधना का विशेष महत्व माना जाता है। सावन के प्रत्येक सोमवार को नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों के शिवालयों में श्रद्धालु बड़ी संख्या में जलाभिषेक और बेलपत्र अर्पित कर पूजा-अर्चना करते हैं। कथावाचक पं. मोहन नारायण शास्त्री ने बताया कि भगवान शिव अपने भोले स्वभाव के कारण भक्तों की सरल भक्ति से ही प्रसन्न हो जाते हैं।

उन्होंने कहा कि शिवपुराण के अनुसार समुद्र मंथन के समय निकले भयंकर हलाहल विष को भगवान शिव ने अपने कंठ में धारण कर संसार की रक्षा की थी। विष के प्रभाव से उनके शरीर में अत्यधिक ताप उत्पन्न हो गया, जिसे शांत करने के लिए देवताओं ने उन पर जल अर्पित किया। तभी से शिवलिंग पर जल चढ़ाने की परंपरा प्रचलित हुई।

पं. शास्त्री ने बताया कि शिव पूजा में बेलपत्र का भी विशेष महत्व है। बेलपत्र की तीन पत्तियां त्रिदेव, तीन गुण (सत्व, रज और तम), ओंकार की तीन ध्वनियों, भगवान शिव की तीन आंखों तथा उनके त्रिशूल का प्रतीक मानी जाती हैं। धार्मिक मान्यता के अनुसार बेलपत्र भगवान शिव को अत्यंत प्रिय है और इसे श्रद्धा से अर्पित करने पर विशेष पुण्य की प्राप्ति होती है। उन्होंने कहा कि पूजा में सदैव साफ एवं बिना टूटा हुआ बेलपत्र ही चढ़ाना चाहिए। उन्होंने बताया कि भगवान शिव की पूजा अत्यंत सरल मानी गई है। एक लोटा जल अर्पित कर बेलपत्र चढ़ाना तथा /"ॐ नमः शिवाय/" मंत्र का जाप करना भी पूर्ण श्रद्धा के साथ की गई पूजा माना जाता है।

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार भगवान शिव बाहरी आडंबर नहीं, बल्कि भक्त की सच्ची भावना और श्रद्धा से प्रसन्न होते हैं। यही कारण है कि सावन में साधारण जल और बेलपत्र से की गई पूजा को भगवान शिव की कृपा प्राप्त करने का सबसे सरल और श्रेष्ठ माध्यम माना जाता है।

ढाबे में अवैध शराब बिक्री को लेकर विवाद, सरपंच से बदसलूकी का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नांदघाट

नारायणपुर गांव में ढाबे में कथित अवैध शराब व गांजा बिक्री को लेकर विवाद सामने आया है। जानकारी के अनुसार 29 जुलाई को नारायणपुर के सरपंच बिसाहू साहू अपने परिजनों व साथियों के साथ ढाबे में भोजन करने पहुंचे थे।

करीब 1600 रुपये के बिल को लेकर विवाद हुआ, जिसे सरपंच ने शांत कराया। इसी दौरान काउंटर पर कथित रूप से बिक्री के लिए रखी शराब पर उनकी नजर पड़ी। ग्रामीणों के अनुसार, पूर्व में भी शिकायत मिलने पर पंचायत ने ढाबा संचालक पारस सिंह पर अर्थदंड लगाया था और भविष्य में अवैध गतिविधि नहीं करने का लिखित समझौता हुआ था। आरोप है कि शराब बिक्री पर आपत्ति करने पर संचालक ने सरपंच व उनके साथियों से बदसलूकी की और विवाद बढ़ गया। घटना की जानकारी मिलने पर ग्रामीण मौके पर पहुंचे और कथित शराब की तस्वीरें लेकर मारो चौकी में शिकायत दी। ग्रामीणों का आरोप है कि बाद में सीसीटीवी रिकॉर्डिंग से छेड़छाड़ कर सरपंच पक्ष के खिलाफ मामला दर्ज कराया गया। ग्रामीण प्रशासन से निष्पक्ष जांच और अवैध गतिविधियों पर कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

- ग्रामीणों ने ढाबा संचालक पर कार्रवाई की मांग की

सद्गुरु श्री ऋतेश्वर जी महाराज का आशीर्वाद प्राप्त कर भावविभोर हुए शिवम तिवारी

बेमेतरा। रायपुर स्थित जैनम मानस भवन में आयोजित आध्यात्मिक कार्यक्रम में आनंदम धाम के पीठाधीश्वर परम पूज्य सद्गुरु श्री ऋतेश्वर जी महाराज के सानिध्य का सौभाग्य बेमेतरा के जनसेवक एवं भाजपा कार्यकर्ता शिवम तिवारी को प्राप्त हुआ। इस अवसर पर उन्होंने सद्गुरु श्री ऋतेश्वर जी महाराज को बेमेतरा की आराध्य देवी माता भद्रकाली का सुंदर तैलचित्र भेंट कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम के दौरान सद्गुरु श्री ऋतेश्वर जी महाराज ने अपने ओजस्वी एवं प्रेरणादायी प्रवचनों से उपस्थित श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक जीवन, सेवा और संस्कारों का संदेश दिया। उनके उद्बोधन को सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे तथा पूरे

परिसर में भक्तिमय वातावरण बना रहा। इस गरिमामय अवसर पर छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी बैंक मर्यादित, रायपुर के अध्यक्ष केदारनाथ गुप्ता तथा सुमित तिवारी भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। सभी ने सद्गुरु का आशीर्वाद प्राप्त कर समाज में आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक मूल्यों के प्रसार का संकल्प व्यक्त किया।

राखी के धागों संग सरहद जाएगी बेमेतरा की पावन मिट्टी: प्रज्ञा निर्वाणी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

बिहान समूह की बहनों का 'सिपाही रक्षा सूत्र अभियान के तहत ग्रामीण मंडल अध्यक्ष लक्ष्मी साहू के अगुवाई में जिला भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष प्रज्ञा निर्वाणी को रक्षा सूत्र सौप कर सरहद पर तैनात भाइयों के लिए मंगल कामना की 7 अगस्त को भारत माता चौक पर जिले भर से जुटेंगी महिलाएं,पूर्व सैनिकों को सौंपी जाएगी स्नेह और विश्वास की पोटली, इस बार रक्षाबंधन पर सरहद पर तैनात देश के जांबाजों की कलाई सिर्फ रेशमी धागों से ही नहीं सजेगी, बल्कि उनकी हथेलियों पर अपनी जन्मभूमि का स्पर्श भी होगा, सिपाही रक्षा सूत्र अभियान जो की प्रदेश महिला मोर्चा की अध्यक्ष विभा अवस्थी के नेतृत्व में पूरे प्रदेश में चलाया जा रहा है में बेमेतरा की बहनों ने वतन के रखवालों के लिए बिहान' समूह की महिलाओं ने सीमाओं पर डटे वीरों को राखी के साथ बेमेतरा की पावन मिट्टी भेज उनके दीर्घायु का संकल्प लिया, गांव की मिट्टी सरहद पर माइनस डिग्री तापमान और कठिन परिस्थितियों में डटे जवानों को यह अहसास कराएगी कि उनका पूरा देश, उनका गांव और उनका परिवार हर पल उनके साथ खड़ा है। ग्राम चोरभट्टी स्थित आजीविका (लाइवलीहुड) कॉलेज में आयोजित अभियान की सबसे मार्मिक बात यह है कि जवानों को भेजे जाने वाले हर लिफाफे में राखी के साथ बेमेतरा की एक चुटकी मिट्टी सहेज कर रखी जा रही है,बहनों ने कहा हे भारत के वीर! आप सीमा पर अकेले नहीं हैं, आपके पीछे 140 करोड़ देशवासियों का प्रेम, प्रार्थनाएं और मातृभूमि का आशीर्वाद है जिला भाजपा महिला मोर्चा की अध्यक्ष प्रज्ञा निर्वाणी ने बताया कि 7 अगस्त को भारत माता चौक में महाआरती के बाद जिले भर से संकलित रक्षा सूत्र पूर्व सैनिक महेंद्र भाई को सौंपी जाएगी, इस राष्ट्रभक्ति अभियान के तहत 7 अगस्त को सुबह 11 बजे शहर के भारत माता की महाआरती के बाद जिलेभर से जुटाई गई राखियां और मातृभूमि की मिट्टी के लिफाफे एकत्रित किए जाएंगे।

- पूरा देश सरहद में तैनात भाइयों के साथ : लक्ष्मी साहू

जिला मंत्री मनीषा शर्मा ने कहा सरहद की ओर कदम है यह पूरी सौगात पूर्व सैनिक महेंद्र भाई को सौंपी जाएगी, जो इसे सीमा पर तैनात जवानों तक सुरक्षित पहुंचायेंगे स्कूलों,कालेजों से लेकर स्व-सहायता समूहों तक फैला देशभक्ति का जज़्बा ने विद्यालयों, स्व-सहायता समूहों और महिला मोर्चा की कार्यकर्ताओं ने दिन-रात एक कर दिया है।

चोरभट्टी स्थित लाइवलीहुड कॉलेज में दुर्गा यदु, लक्ष्मी साहू, श्रद्धा पांडे, चित्ररेखा यदु, कौशल्या दिवाकर, अनुराग-दिया मार्कंडेय, धारा-कमला मानिकपुरी, पुष्पा साहू, ज्योति चौहान, पूनम सेन, प्रतिमा निषाद, अहिल्या बेलदार, शांति ठाकुर और सावित्री वर्मा सहित सैकड़ों बहनों ने राखियों और मिट्टी के संग्रहण में अहम भूमिका निभाई है।

लोक परीक्षा संशोधन विधेयक युवाओं के हित में ऐतिहासिक कदमः केशव साहू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

केंद्र सरकार द्वारा संसद में पारित 'लोक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) संशोधन विधेयक, 2026' का भाजपा बेमेतरा ने स्वागत किया है। भाजपा के जिला प्रवक्ता केशव साहू ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर इसे देश के लाखों प्रतियोगी छात्रों और युवाओं के भविष्य को सुरक्षित करने वाला ऐतिहासिक एवं प्रभावी कानून बताया।

केशव साहू ने कहा कि सरकारी नौकरियों और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले युवाओं के लिए पेपर लीक की घटनाएं लंबे समय से बड़ी चुनौती बनी हुई थीं। इससे अभ्यर्थियों की वर्षों की मेहनत और उनके परिवारों की उम्मीदों पर प्रतिकूल असर पड़ता था। उन्होंने कहा कि वर्ष 2024 के कानून में आवश्यक सुधार करते हुए लाया गया यह संशोधन परीक्षा माफिया और संगठित गिरोहों पर प्रभावी अंकुश लगाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने बताया कि संशोधित कानून के तहत पेपर लीक और परीक्षा में धोखाधड़ी के मामलों में शामिल व्यक्तियों के लिए 5 से 10 वर्ष तक के कारावास तथा 50 लाख रुपये तक के जुर्माने का प्रावधान किया गया है। वहीं संगठित अपराधों और दोषी सेवा प्रदाताओं पर 5 करोड़ से 10 करोड़ रुपये तक का जुर्माना लगाने तथा आवश्यक होने पर उनकी संपत्ति कुर्क करने की व्यवस्था भी की गई है। केशव साहू के अनुसार नए कानून में जांच प्रक्रिया को भी समयबद्ध बनाया गया है। अब पेपर लीक के मामलों में एफआईआर दर्ज होने के दो माह के भीतर जांच पूरी करना अनिवार्य होगा। साथ ही मामलों की शीघ्र सुनवाई के लिए राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों में विशेष फास्ट ट्रैक कोर्ट गठित किए जाएंगे तथा संगठित परीक्षा घोटालों की जांच के लिए विशेष कार्यबल (एसटीएफ) के गठन का भी प्रावधान किया गया है।

उन्होंने कहा कि जांच के लिए निर्धारित दो माह और न्यायालय में सुनवाई के लिए तीन माह की समय-सीमा तय किए जाने से करीब पांच माह के भीतर मामलों का निपटारा सुनिश्चित करने का प्रयास किया गया है, जिससे पीड़ित अभ्यर्थियों को शीघ्र न्याय मिल सके। जिला प्रवक्ता ने कहा कि यह कानून युवाओं के प्रति केंद्र सरकार की संवेदनशीलता, पारदर्शी परीक्षा व्यवस्था और योग्यता आधारित चयन प्रणाली के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इस कानून के प्रभावी क्रियान्वयन से परीक्षा प्रणाली की विश्वसनीयता मजबूत होगी तथा केवल योग्य और मेहनती अभ्यर्थियों को ही उनका उचित अवसर मिलेगा।

चार वर्गों में कबड्डी चैंपियन बना डीएवी जांता, क्लस्टर स्पोर्ट्स में जलवा

बेमेतरा। डी.ए.वी. मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल, जांता के खिलाड़ियों ने डी.ए.वी. क्लस्टर स्पोर्ट्स प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय और जिले का नाम रोशन किया है।

कबड्डी, खो-खो और एथलेटिक्स प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने कई स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। एथलेटिक्स प्रतियोगिता में अंडर-17 वर्ग के सीताराम ने 1500 मीटर और 800 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान हासिल कर दो स्वर्ण पदक जीते। वहीं अंडर-14 वर्ग के मोहन साहू ने 1500 मीटर दौड़ और हाई जंप में प्रथम स्थान प्राप्त कर दो स्वर्ण पदक अपने नाम किए। आयुष ध्रुवे ने 800 मीटर दौड़, नारायण यादव ने 400 मीटर दौड़ और धनेश्वर ने लॉन्ग जंप में तृतीय स्थान हासिल कर कांस्य पदक जीते। अंडर-17 वर्ग की 4×400 मीटर रिले टीम ने भी द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कबड्डी प्रतियोगिता में विद्यालय ने शानदार दबदबा कायम रखते हुए अंडर-14 बालक, अंडर-14 बालिका, अंडर-17 बालक और अंडर-17 बालिका—चारों वर्गों में प्रथम स्थान हासिल कर चैंपियन बनने का गौरव प्राप्त किया। वहीं अंडर-19 बालक टीम उपविजेता रही। खो-खो प्रतियोगिता में भी विद्यालय की अंडर-14 बालक एवं बालिका टीमों ने द्वितीय स्थान हासिल कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विद्यालय के प्राचार्य पी.एल. जायसवाल ने खिलाड़ियों, खेल प्रशिक्षकों और अभिभावकों को बधाई देते हुए कहा कि विद्यालय में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ खेल, अनुशासन, संस्कार और नेतृत्व क्षमता के विकास पर विशेष ध्यान दिया जाता है। उन्होंने बताया कि खेल प्रभारी शिक्षक अकलेश पटेल के मार्गदर्शन में विद्यालय के खिलाड़ी लगातार क्लस्टर, राज्य और राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं तथा प्रतिवर्ष राष्ट्रीय खेलों में भी भाग लेकर विद्यालय का गौरव बढ़ा रहे हैं।

विद्यालय परिवार ने सभी खिलाड़ियों एवं शिक्षकों को इस उल्लेखनीय सफलता पर शुभकामनाएँ देते हुए भविष्य में भी राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद जताई।

जिला पंचायत निधि से ग्राम एवं नगर पंचायतों को मिले टैंकर, जनप्रतिनिधियों ने बताया जनहित का महत्वपूर्ण निर्णय

भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष राहुल ने 17 पानी के टैंकर किए वितरित, संकट से राहत की पहल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

क्षेत्र में बढ़ती पेयजल समस्या के बीच भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष एवं जिला पंचायत बेमेतरा के सभापति राहुल योगराज टिकरिहा ने जनहित में बड़ी पहल करते हुए अपनी जिला पंचायत निधि से 17 पानी के टैंकर विभिन्न ग्राम एवं नगर पंचायतों को उपलब्ध कराए।

इस पहल का उद्देश्य ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में पेयजल संकट के दौरान लोगों को राहत पहुंचाना तथा सार्वजनिक उपयोग के लिए पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करना है। राहुल योगराज टिकरिहा ने बताया कि क्षेत्र के कई ग्रामों एवं नगर पंचायतों से लंबे समय से पानी के टैंकर उपलब्ध कराने की मांग की जा रही थी। मांग को प्राथमिकता देते हुए उन्होंने स्वयं उपस्थित होकर संबंधित पंचायतों को टैंकरों का वितरण किया। वितरित 17 टैंकरों में 14 ग्राम पंचायतों और 3 नगर पंचायतों को शामिल किया गया। टैंकर प्राप्त करने वाली ग्राम पंचायतों में चेटूवा, रवेली, कुरूद, रांका, अच्छोली, बेलौदीकला, खुड़मुड़ा, तेलगा, आनंदगांव, बाँसा, सिलघट, कुम्ही (ख) एवं कुसमी सहित अन्य पंचायतें शामिल हैं। वहीं नगर पंचायत बेरला, भिम्भौरी एवं एक अन्य नगर क्षेत्र को भी पानी के टैंकर प्रदान किए गए। इस अवसर पर राहुल योगराज टिकरिहा ने कहा कि ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में पेयजल की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि इन टैंकरों से जल संकट, सार्वजनिक कार्यक्रमों, सामाजिक आयोजनों तथा आपात कालीन परिस्थितियों में लोगों को पेयजल उपलब्ध कराने में काफी सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा कि जनसेवा उनकी प्राथमिकता है और क्षेत्र की आवश्यकताओं के अनुरूप विकास कार्य आगे भी जारी रहेंगे। भाजपा जिलाध्यक्ष अजय साहू ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार और संगठन अंतिम व्यक्ति तक मूलभूत सुविधाएं पहुंचाने के संकल्प के साथ कार्य कर रहे हैं।

उन्होंने राहुल योगराज टिकरिहा की इस पहल को जनसेवा के प्रति उनकी संवेदनशीलता का परिचायक बताते हुए कहा कि इससे ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में पेयजल संकट से जूझ रहे हजारों लोगों को लाभ मिलेगा। टैंकर वितरण के बाद विभिन्न ग्राम एवं नगर पंचायतों के जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने राहुल योगराज टिकरिहा का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह निर्णय क्षेत्र की लंबे समय से चली आ रही आवश्यकता को पूरा करने वाला है और इससे आम लोगों को प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष अजय साहू, जिला महामंत्री पोषण वर्मा, जिला उपाध्यक्ष प्रणीश रजक, भूपेन्द्र टिकरिहा, भाजयुमो जिलाध्यक्ष विजय वर्मा, मंडी अध्यक्ष त्रिलोचन वर्मा, मंडल अध्यक्ष सूर्यकांत नायक, प्रवीण (नीलू) राजपूत, भिम्भौरी नगर पंचायत अध्यक्ष संदीप परगनिहा, प्रभारी नीरज परगनिहा, भाजयुमो बलौदाबाजार जिलाध्यक्ष प्रणम्य पांडेय, गौरव द्विवेदी, दुर्गेश वर्मा, मनीष वर्मा, धर्मेंद्र साहू, किशन साहू सहित अनेक भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इसके अलावा विभिन्न ग्राम पंचायतों के सरपंच, उपसरपंच, पंचायत प्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणजन भी कार्यक्रम में शामिल हुए।

online Booking:-www.tripuryatra.com

स्पेशल ट्रेन से - 19 दिसम्बर से 29 दिसम्बर 2026 (11 दिन)
कोरबा, बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, गोंदिया से होकर
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411